# 14वीं वार्षिक रिपोर्ट 2010-2011

# 14th ANNUAL REPORT

## नेशनल हैन्डीकैप्ड फाइनैन्स एण्ड डिवैल्पमेन्ट कार्पोरेशन

## NATIONAL HANDICAPPED FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

**(MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT, GOVT. OF INDIA)**

रैड कॉस भवन, सैक्टर -12, फरीदाबाद.121007 (हरियाणा)
दूरभाष : **0129 -2287513, 2226910, 2264841,** टेलीफैक्स : **2284371**
ई मेल : **nhfdc97@gmail.com**
वैबसाइट : **www.nhfdc.nic.in**

Red Cross Bhavan, Sector-12, Faridabad 121007 (Haryana)
Phone : 0129-2287513, 2226910, 2264841, Telefax : 2284371
E-mail : nhfdc97@gmail.com
Website : www.nhfdc.nic.in

# निदेशक मंडल

## BOARD OF DIRECTORS

(23 अगस्त, 2011 की स्थिति के अनुसार)

(As on 23rd August, 2011)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री हर्ष भाल<br>Shri Harsh Bhal | अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक, एनएचएफडीसी<br>Chairman-cum-Managing Director, NHFDC |
| 2. | डा. (श्रीमती)विनिता शर्मा<br>Dr. (Smt.) Vinita Sharma | सलाहकार और प्रमुख, साइंस फॉर इक्विटी एम्पावरमेंट एण्ड डिवैल्पमेन्ट (एसईईडी) डिवीजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग<br>Adviser & Head, Science for Equity Empowerment & Development (SEED) Division, Department of Science & Technology |
| 3. | श्री दीपक गुप्ता<br>Shri Deepak Gupta | महाप्रबंधक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक लिमिटेड<br>General Manager,<br>IDBI Bank Ltd. |
| 4. | श्री राम निवास यादव<br>Shri Ram Niwas Yadav | महाप्रबंधक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक<br>General Manger<br>Small Industries Development Bank of India |

---

| | |
|---|---|
| श्री रणजित कुमार मिश्र<br>Shri Ranajit Kumar Mishra | कंपनी सचिव<br>Company Secretary |
| आंतरिक लेखा परीक्षक | मैसर्स जय किशन गुप्ता एण्ड कंपनी<br>चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स<br>2/20 डबल स्टोरी, जंगपुरा एक्सटेंशन,<br>नई दिल्ली - 110 014 |
| Internal Auditors | M/s. Jai Kishan Gupta & Co.<br>Chartered Accountants<br>2/20, Double Storey, Jangpura Extn.,<br>New Delhi - 110 014 |
| सांविधिक लेखा परीक्षक | मैसर्स विरमानी, रॉय एण्ड कुट्टी,<br>चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स<br>709-710, अंसल चैम्बर्स-2,<br>6 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066 |
| Statutory Auditors | M/s. Virmani, Roy & Kutty,<br>Chartered Accountants,<br>709-710, Ansal Chambers-II,<br>6, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066 |

# सूची

# INDEX


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निदेशकों की रिपोर्ट | 1-45 |
| 2. | भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ | 46 |
| 3. | सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 47-49 |
| 4. | तुलन पत्र | 50 |
| 5. | आय-व्यय लेखा | 51 |
| 6. | वार्षिक लेखाओं के भाग के रूप में संलग्न अनुसूचियाँ (अनुसूची 'क' से 'थ') | 52-79 |
| 7. | नकद प्रवाह विवरण | 80 |
| 8. | परोक्षी प्रपत्र | 81 |

| Sl.No. | Subject | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Directors' Report | 1-39 |
| 2. | Comments of Comptroller & Auditor General of India | 40 |
| 3. | Report of Statutory Auditors | 41-43 |
| 4. | Balance Sheet | 44 |
| 5. | Income & Expenditure Account | 45 |
| 6. | Schedules Annexed to and forming part of Annual accounts (Schedule 'A' to 'Q') | 46-71 |
| 7. | Cash Flow Statement | 72 |
| 8. | Proxy Form | 73 |

# सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल हैन्डीकैप्ड फाइनैन्स एण्ड डिवैल्पमेन्ट कार्पोरेशन की 14वीं वार्षिक साधारण बैठक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, रैडक्रॉस भवन, सेक्टर-12, फरीदाबाद - 121007 में शुक्रवार 23 सितम्बर, 2011, दोपहर 12.00 बजे निम्नलिखित कार्यों को पूरा करने के लिए आयोजित की जायेगी :-

**सामान्य कार्य:-**

1. 31 मार्च 2011 तक निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और उक्त तिथि को समाप्त अवधि की आय तथा व्यय लेखा को लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा उन्हें स्वीकृत करना।

2. भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों मैसर्स विरमानी, रॉय एण्ड कुट्टी, चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स का पारिश्रमिक निर्धारित करना, इस संबंध में निम्नलिखित संकल्प पर साधारण संकल्प के रूप में विचार करना और यदि, उचित लगे तो इसे बिना संशोधन के साथ या संशोधनों सहित पारित करना।

   संकल्प किया जाता है कि निगम एतद् द्वारा कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 224(8) (क क) और अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई है) के अनुसरण में यह वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त निगम के सांविधिक लेखा परीक्षक, मैसर्स विरमानी, रॉय एण्ड कुट्टी, चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स के लिए रुपये 70,000/- (रुपये सत्तर हजार) तथा सेवा कर सहित राशि का लेखा परीक्षा शुल्क का अनुमोदन करती है।

   "साथ यह भी संकल्प किया जाता है कि सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा के संबंध में की गई यात्रा और प्रासंगिक व्यय की प्रतिपूर्ति, भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा जारी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार निगम द्वारा की जायेगी।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**

कृते नेशनल हैन्डीकैप्ड, फाइनैन्स एण्ड डिवैल्पमेन्ट कार्पोरेशन

ह०

(आर.के. मिश्र)

कम्पनी सचिव

स्थान : फरीदाबाद

दिनांक 20 सितम्बर, 2011

**टिप्पणी:- बैठक में भाग लेने के हकदार सदस्य बैठक में भाग लेने और मतदान करने के लिए अपने परोक्षी प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य व्यक्ति (चाहे सदस्य है अथवा नहीं) को नियुक्त कर सकता है। परोक्षी प्रतिनिधि की मान्यता के लिए उनका नाम बैठक आयोजित होने के समय से कम से कम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा होना चाहिए कोरा परोक्षी फार्म संलग्न है।**

## निगम के सदस्यों को निदेशकों की रिपोर्ट

**प्रिय सदस्यगण,**

आपके निदेशकों को आप के निगम के संकार्यों पर चौदहवीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 1 अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2011 तक की अवधि के लेखा परीक्षित लेखा विवरण तथा उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

### 1.1 समावेशन

इस निगम की स्थापना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी तथा यह निगम कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत 24 जनवरी, 1997 को कंपनी के रूप में निगमित किया गया था ।

### 1.2 उद्देश्य

निगम के मुख्य उद्देश्यों का सार निम्नवत् है-

i) विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ आर्थिक विकास गतिविधियों तथा स्वरोजगार उद्यमों को बढ़ावा देना।

ii) विकलांग व्यक्तियों को स्वरोजगार उद्यमों के उचित एवं दक्ष प्रबंधन के लिए उनके उद्यम कौशल को उन्नत करने के लिए अनुदान देना।

iii) विकलांग व्यक्तियों को व्यावसायिक पुनर्वास/स्वरोजगार के योग्य बनाने वाली व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण देना।

iv) स्वरोजगार में लगे विकलांग व्यक्तियों को उनके द्वारा तैयार माल के विक्रय के लिए सहायता प्रदान करना।

### 1.3 प्राधिकृत पूंजी

इस रिपोर्ट की तिथि को इस निगम की प्राधिकृत शेयर पूंजी 400.00 करोड़ रूपये है। 31 मार्च 2011 को निगम की प्रदत्त शेयर पूंजी 161.80 करोड़ रुपये है जो 1000/- रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 16,18,010 की संख्या के सामान्य शेयरों में बंटी हुई है। समस्त साम्य पूंजी भारत सरकार के पास है।

### 1.4 निगम से सहायता पाने के लिए पात्रता मानदंड

निगम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्रता मानदंड निम्नवत् हैं:

कोई भी विकलांग व्यक्ति जो निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो वित्तीय सहायता हेतु आवेदन करने का पात्र है।

क) कोई भी भारतीय नागरिक जो 40% या अधिक विकलांग हो।

ख) आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य हो।

ग) वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 5,00,000/- रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 3,00,000/- रुपये से अधिक न हो।

घ) संबंधित शैक्षिक/तकनीकी /व्यावसायिक योग्यता और अनुभव।

## 1.5 निगम की योजनाएं

आपके निगम ने विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ अनेक ऋण आधारित व ऋण रहित योजनाएं बनाई हैं। ये योजनाएं मुख्यत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा नामित राज्य मध्यस्थ संस्थाओं (एससीए) तथा गैर सरकारी संगठनों (सूक्ष्म वित्त योजना के तहत) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। निगम की योजनाओं की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

### 1.5.1 ऋण आधारित योजनाएं

ऋण आधारित योजनाओं में पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले विकलांग व्यक्तियों को आय अर्जक क्रियाकलापों हेतु सुविधाजनक शर्तों पर रियायती ऋणों के तौर पर वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।

विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण सहायता का विवरण निम्नवत् है:

| क्रमांक | योजनाएं | अधिकतम ऋण (रुपये लाखों में) | लाभार्थी द्वारा (प्रतिवर्ष) देय ब्याज दर |
|---|---|---|---|
| 1. | बिक्री/व्यापारिक गतिविधि | 3.00 | 5-6 % |
| 2. | सेवा क्षेत्र में लघु व्यवसाय | 5.00 | 5-6 % |
| 3. | वाणिज्यिक वाहनों की खरीद | 10.00 | 5-8 % |
| 4. | लघु औद्योगिक इकाई | 25.00 | 5-8 % |
| 5. | कृषि गतिविधियां | 10.00 | 5-8 % |
| 6. | मानसिक मंदता, सेरेब्रल पाल्सी एवं ऑटिज्म से ग्रस्त व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु | 10.00 | 5-8 % |
| 7. | विदेशों में अध्ययन के लिए शिक्षा ऋण | 15.00 | 3.5-4 % |
| 8. | भारत में अध्ययन के लिए शिक्षा ऋण | 7.50 | 3.5-4 % |
| 9. | मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों के अभिभावक संघ के लिए | 5.00 | 5-6 % |
| 10. | सूक्ष्म ऋण योजना | रु. 0.25 लाख लाभार्थी | 5 % तक |

**सभी योजनाओं में विकलांग महिलाओं को ब्याज दर में 1% की छूट की अनुमति है। लेकिन शिक्षा ऋण (क्रम सं. 7 व 8) के मामले में, छूट 0.5% होगी।**

### 1.5.2 गैर ऋण आधारित योजनाएं

आपका निगम विकलांग व्यक्तियों के हितार्थ निम्नलिखित गैर-ऋण आधारित गतिविधियाँ संचालित करता है;

I) दक्षता एवं उद्यमिता विकास वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालित/प्रायोजित करने हेतु अनुदान ।

II) लाभार्थियों को विभिन्न प्रदर्शनियों एवं मेलों में अधिकतम दक्षता उन्नयन हेतु विक्रय सहायता के तौर पर प्रायोजित करना ।

III) योजनाओं के क्रियान्वयन में लगे अधिकारियों को अभिलक्षित वर्ग के प्रति संवेदनशील बनाना और कार्यशालाओं तथा सम्मेलनों की मार्फत राज्य/जिला स्तरीय अधिकारियों में जागरूकता पैदा करना।

IV) विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ निगम की योजनाओं के विज्ञापन तथा प्रचार हेतु एससीए को निधि उपलब्ध कराना।

### 1.5.3 भुगतान अवधि

निगम की योजनाओं के तहत प्रदत्त ऋण की भुगतान अवधि अधिकतम दस वर्ष है। व्यावसायिक/शैक्षिक/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के मामले में ऋण का भुगतान ऋण शुरू होने के सात वर्ष के भीतर किया जाएगा। सूक्ष्म ऋण योजना के मामले में भुगतान 3 वर्षों के भीतर किया जायेगा।

### 1.5.4 कार्यान्वयन करने वाली एजेन्सियाँ

निगम की निधियाँ संबद्ध राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा नामित स्टेट चैनेलाइजिंग ऐजेन्सियों (एससीएज) के माध्यम से सारणीबद्ध की जाती है। इसके साथ-साथ ये एजेन्सियां संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लक्ष्य समूह के लाभार्थ निगम की योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतिपय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जहाँ स्टेट चैनेलाइजिंग एजेंसियां अभी कार्यरत नहीं हैं वहाँ भी निगम प्रयासरत है।

विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में निगम की स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों की सूची **परिशिष्ट-I** पर हैं।

बैंक (पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा सहयोगिक करार के तहत) के माध्यम से ऋण सारणीबद्ध किये जा रहे हैं।

## 2. भारत सरकार से प्राप्त साम्य पूंजीगत सहायता

वित्तीय वर्ष 2010-11 में निगम ने भारत सरकार से साम्य पूंजीगत सहायता के तौर पर 50.00 करोड़ रुपये प्राप्त किए जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान 9.00 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।

## 3. निगम का कार्य निष्पादन

### 3.1 ऋणों का संवितरण

पिछले वित्तीय वर्ष 2009-10 की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष में निगम ऋण का संवितरण बढ़ाने के साथ-साथ लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में सफल रहा है। पिछले दो वित्तीय वर्षों में संवितरण का ब्यौरा निम्नवत है -

| वित्तीय वर्ष → | वित्तीय वर्ष 2010-11 | वित्तीय वर्ष 2009-10 |
|---|---|---|
| **(राशि संवितरित करोड़ रुपये में)** | **31.84** | **30.80** |
| सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या (औसत ऋण के आधार पर अग्रिम निधि के मुकाबले लाभार्थियों की अनुमानित संख्या सहित हुए।) | 6356 | 6093 |

### 3.1.1 योजनावार कार्य निष्पादन

रिपोर्ट में वर्णित वित्तीय वर्ष के दौरान निगम का योजनावार ऋण संवितरण कार्य निष्पादन निम्नवत है:

| क्रमांक | योजना/क्षेत्र | राशि (करोड़ रुपये में) | लाभार्थी * |
|---|---|---|---|
| i) | व्यापार / बिक्री गतिविधि | 11.31 | 2117 |
| ii) | सेवा क्षेत्र गतिविधि | 5.59 | 436 |
| iii) | कृषि (सम्बद्ध) गतिविधि | 5.88 | 1871 |
| iv) | कृषि गतिविधि | 1.20 | 60 |
| v) | लघु कारोबार गतिविधि (विनिर्माण/उत्पादन) | 3.73 | 111 |
| vi) | वाणिज्यिक किराए हेतु वाहन की खरीद | 0.43 | 30 |
| vii) | शिक्षा ऋण | 0.10 | 4 |
| viii) | सूक्ष्म ऋण योजनाएं | 3.60 | 1727 |
| | **कुल** | **31.84** | **6356** |

* स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों को प्रदान अग्रिम निधियों के मुकाबले लाभार्थियों की (औसत आधार पर) अनुमानित संख्या.

### 3.1.2 वर्ष के दौरान दिए गए ऋण का विकलांगता वार ब्यौरा

निगम का लक्ष्य विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को सेवा प्रदान करना है तथा इसमें विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों की किसी विशेष श्रेणी को तरजीह नहीं दी जाती। हालांकि यह देखने में आया है कि ऋण का बड़ा हिस्सा लक्षित वर्ग में अस्थि विकलांग श्रेणी के लाभार्थ दिया गया। विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों में वर्ष के दौरान ऋण संवितरण का ब्यौरा निम्नवत है:

| विकलांगता का प्रकार | राशि (करोड़ रुपये में) | लाभार्थी |
|---|---|---|
| अस्थि विकलांग | 27.51 | 5493 |
| मानसिक मंदता | 0.72 | 137 |
| दृश्य विकलांग | 1.91 | 323 |
| श्रव्य विकलांग | 1.70 | 403 |
| **कुल** | **31.84** | **6356** |

### 3.1.3 ऋण का पुरुष-महिलावार संवितरण:

2010-11 के दौरान निगम की योजनाओं के तहत पुरुष-महिलावार ऋण सहायता निम्नवत है:

| लिंग | लाभार्थी | | संवितरण ऋण | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | राशि (रु. करोड़ में) | प्रतिशत |
| महिला | 1647 | 25.91 | 6.67 | 20.95 |
| पुरूष | 4709 | 74.01 | 25.17 | 79.05 |
| **कुल** | **6356** | **100.00** | **31.84** | **100.00** |

### 3.1.4 राज्यवार ऋण का संवितरण

निगम का कार्य निष्पादन मुख्यत: कार्यान्वयन एजेन्सियों के कार्य प्रदर्शन पर निर्भर है। वित्तीय वर्ष 2010-11 में ऋणों का राज्यवार संवितरण पिछले वित्तीय वर्ष 2009-10 के तुलनात्मक ब्यौरे के साथ **संलग्नक-II** पर है।

### 3.1.5 2010-11 के दौरान ऋण संवितरण में शीर्ष तीन राज्य

निगम अपनी स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों से आग्रह करता रहा है कि वे निगम की योजनाओं के अंतर्गत अपने संबद्ध राज्यों में विद्यमान लक्षित समूहों तक विस्तार को बढ़ाएं। वर्ष 2010-11 के दौरान निगम से ऋण लेने वाले शीर्ष तीन राज्य निम्नवत हैं:

| रैंक | राज्य का नाम | ऋण की राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 7.96 |
| 2. | महाराष्ट्र | 4.09 |
| 3. | हिमाचल प्रदेश | 2.33 |

### 3.1.6 वर्ष 2010-11 के दौरान लाभार्थी विस्तार में शीर्ष तीन राज्य

निगम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु अपनी योजनाओं के तहत लाभार्थी समावेशन का मकसद रखता है। वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निगम की योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के समावेशन में शीर्ष तीन राज्य निम्नलिखित हैं:

| रैंक | राज्य का नाम | ऋण की राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 3239 |
| 2. | उड़ीसा | 365 |
| 3. | महाराष्ट्र | 310 |

## 4. प्रगामी उपलब्धियाँ

निगम ने गत वर्षों में कई क्षेत्रों में प्रगामी उपलब्धियां हासिल की हैं जो निम्नवत हैं:-

### 4.1 ऋणों का संवितरण

निगम ने गत वर्षों में ऋण संवितरण में लगातार सुधार किया है। विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ गत दस वर्षों में ऋणों का वार्षिक संवितरण निम्नानुसार हैं;



## 4.2 लाभार्थी समावेशन

विगत वर्षों में लाभार्थी समावेशन में प्रगति हुई है। पिछले दस वर्षों में निगम की योजनाओं के तहत वर्षवार लाभार्थी समावेशन निम्नानुसार है:




## 4.3 सहमति ज्ञापन 2009-10 के लक्ष्यों की तुलना में कार्य निष्पादन दर

निगम वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु सहमति ज्ञापन निष्पादित कर चुका था। वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान निगम की संपूर्ण उपलब्धियों को लोक उद्यम विभागों ने पाँच श्रेणियों यथा: अत्युत्तम, बहुत अच्छा, अच्छा, संतोषप्रद एवं खराब के पैमाने पर जाँचते हुए **"अत्युत्तम"** का दर्जा दिया।

## 4.4 सहमति ज्ञापन 2010-11 के लक्ष्यों की उपलब्धि

निगम ने सहमति ज्ञापन 2010-11 में निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को हासिल किया है। आंतरिक मूल्यांकन के अनुसार, सहमति ज्ञापन मापदंडों की दृष्टि से निगम को संपूर्ण उपलब्धि 'बहुत अच्छी है'। 2010-11 के एमओयू लक्ष्य **संलग्नक-III** में दिए गए हैं।

## 5.1 बाजार हस्तक्षेप उपाय

निगम द्वारा मुख्यत: बाजार सहायता के तौर पर लाभार्थियों के स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेलों/प्रदर्शनियों में हिस्सेदारी को बढ़ावा दिया जाता है। इन मेलों में भाग लेने वाले लाभार्थियों को स्थान, यात्रा व रहने के व्यय की प्रतिपूर्ति, सामान लाने की आंशिक लागत तथा लाभार्थी एवं उसके अनुरक्षक को दैनिक भत्ता भी प्रदान किया जाता है। इन गतिविधियों में शामिल होने के अवसर मिलने से लाभार्थियों को बाजार का अनुभव मिलता है। ऐसी भागीदारी से लक्षित वर्ग की योग्यता उजागर होती है तथा आम जनता में उनके संबंध में जागरूकता आती है।

### 5.1.1 राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियाँ

वर्ष 2010-11 के दौरान निगम लाभार्थियों की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों यथा: आईआईटीएफ, नई दिल्ली एवं शिल्पोत्सव, दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली में भाग लेने में सहायक रहा। वर्ष 2010-11 में राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में हिस्सा लेने वाले लाभार्थियों का ब्यौरा निम्नवत है:

| क्रमांक | प्रदर्शनी | लाभार्थियों की संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सं. | उपलब्ध कराए गए स्टालों की संख्या | एनएचएफडीसी लाभार्थियों द्वारा बिक्री की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईआईटीएफ, नई दिल्ली | 21 | 8 | 10 | 17.76 लाख रुपये |
| 2. | शिल्पोत्सव, दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली | 22 | 7 | 20 | 16.36 लाख रुपये |
| | **कुल** | 43 | 15 | 30 | 34.12 लाख रुपये |




दिल्ली हाट, नई दिल्ली में आयोजित शिल्पोत्सव 2010 में एनएचएफडीसी का लाभार्थी।



दिल्ली हाट, नई दिल्ली में आयोजित शिल्पोत्सव 2010 में एनएचएफडीसी के लाभार्थी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए।

### 5.1.2 राज्य/जिला स्तरीय प्रदर्शनियाँ

वर्ष 2010-11 के दौरान उपर्युक्त राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनियों के अलावा निगम अपने लाभार्थियों की विभिन्न राज्य/जिला स्तरीय प्रदर्शनियों की भागीदारी में सहायक रहा। इन प्रदर्शनियों में भाग लेने वाले लाभार्थियों का ब्यौरा निम्नवत है:

| क्रमांक | प्रदर्शनी | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मोगा स्थित पीआईसी, पंजाब | 1 |
| 2. | भिवानी स्थित पीआईसी, थाणे, महाराष्ट्र | 1 |
| 3. | इसराणा स्थित पीआईसी, पानीपत, हरियाणा | 1 |
| 4. | नई दिल्ली में पीतमपुरा स्थित दिल्ली हाट में प्रदर्शनी | 3 |
| 5. | मेसर्स फ्रेन्डस एक्जीबिशन एण्ड प्रमोशन द्वारा प्रदर्शनी | 1 |
| 6. | तमिलनाडु में चेन्नई स्थित चेन्नई शिल्पोत्सव | 6 |
| 7. | रामटेक स्थित पीआईसी, नागपुर, महाराष्ट्र | 1 |
| 8. | रायबरेली स्थित पीआईसी, उत्तर प्रदेश | 1 |
| 9. | थाणे स्थित पीआईसी, महाराष्ट्र | 1 |
| 10. | कांगड़ा स्थित पीआईसी, हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 11. | बालासोर स्थित पीआईसी, उड़ीसा | 1 |
| 12. | हारिज तालुका स्थित पीआईसी, गुजरात | 2 |



रायबरेली, उत्तर प्रदेश के जनसूचना अभियान के दौरान एनएचएफडीसी के अधिकारी जानकारी प्रदान करते हुए।



एनएचएफडीसी के लाभार्थी रामटेक, नागपुर, (महाराष्ट्र) में आयोजित जनसूचना अभियान में शामिल होते हुए।

## 5.2 दक्षता एवं उद्यमिता विकास हेतु सहायता

निगम समझता है कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी बाजारीय परिस्थितियों में उचित/अपेक्षित दक्षता के अभाव में लक्ष्य समूह स्वरोजगार गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम नहीं है अत: निगम ने इस क्षेत्र में विशेष बल दिया है।

अब तक निगम ने **17** राज्यों में **939** विकलांग व्यक्तियों को **43** ईडीपी/दक्षता विकास प्रशिक्षण दिया है। वर्ष 2010-11 में **3 राज्यों** में 145 विकलांग व्यक्तियों को **7** ईडीपी एवं दक्षता उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया जिसका ब्यौरा **संलग्नक-IV** पर है।



मल्लेश्वरम्, बेंगलूरू में एनएचएफडीसी द्वारा प्रायोजित ईडीपी एवं दक्षता विकास प्रशिक्षण में विकलांग प्रशिक्षु प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए।



अडुगोडी, बेंगलूरू में विकलांगजनों को ईडीपी एवं दक्षता विकास प्रशिक्षण।




एईपीसी, अडुगोडी, बेंगलूरू में विकलांगजनों को ईडीपी एवं दक्षता विकास प्रशिक्षण



मल्लेश्वरम् (बेंगलूरू) में विकलांगजनों को दक्षता (सिलाई) प्रशिक्षण।

## 5.3 राष्ट्रीय/क्षेत्रीय सम्मेलन

निगम विकलांग व्यक्तियों के लाभ हेतु बनी योजनाओं के प्रभावी अमल के संबंध में कार्यान्वयन संस्थाओं से सार्थक संवाद रखने में विश्वास रखता है। इस उद्देश्य से निगम ने वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निम्नलिखित पांच क्षेत्रीय स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया था;

i) गुवाहाटी, असम

ii) मुम्बई, महाराष्ट्र

iii) बंगलुरु, कर्णाटक

iv) रायपुर, छत्तीसगढ़

v) जयपुर, राजस्थान

ऐसी क्षेत्रीय स्तरीय सम्मेलनों से विचारों के आदान-प्रदान व बुनियादी स्तर की सच्चाइयों से जुड़े मुद्दों को समझने व उनका समाधान करने में मदद मिलती है।



19 जनवरी, 2011 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन।




12 जनवरी, 2011 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में संपन्न क्षेत्रीय सम्मेलन।



22 दिसम्बर, 2010 को मुंबई (महाराष्ट्र) में संपन्न क्षेत्रीय सम्मेलन।



5 जनवरी, 2011 को बंगलूरू, कर्नाटक में संपन्न क्षेत्रीय सम्मेलन।

## 5.4 कार्यशालाएं

निगम ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ निगम की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन विषयक सूचना के प्रचार एवं चर्चा हेतु कार्यशालाएं आयोजित की। रिपोर्ट के अधीन वर्ष में निगम ने पश्चिमी बंगाल, मेंघालय, उत्तरांचल, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, बिहार, झारखण्ड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा में 22 कार्यशालाएं आयोजित की।



निगम की योजनाओं पर रांची, झारखण्ड में संपन्न कार्यशाला।

## 5.5 निगरानी और क्षेत्र निरीक्षण

संवितरण पश्चात् निगरानी उपाय के तौर पर, निगम कार्यान्वयन करने वाली एजेन्सियों तथा निगम की योजनाओं में सहायता पाने वाले लाभार्थियों का क्षेत्र निरीक्षण करता है।

ये निरीक्षण निगम के अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं ताकि वे बुनियादी वास्तविकताओं को जान सकें तथा लक्षित समूह से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशील बन सकें।

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान एससीएज द्वारा आंध्रप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ और गुजरात में लाभार्थियों के संबंध में निरीक्षण किया गया, साथ ही उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में स्वैच्छिक संगठनों और उनसे सहायता पाने वाले लाभार्थियों का क्षेत्र निरीक्षण किया गया।

अतएव, 2010-11 के दौरान निगम के अधिकारियों ने 199 लाभार्थियों के संबंध में क्षेत्र निरीक्षण किया।



शारीरिक विकलांगता से ग्रस्त महिला लाभार्थी त्रिवेंद्रम, केरल में अपने स्वरोजगार उद्यम स्थल पर।

## 5.6 स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों (एससीएज) का कार्यकरण

निगम की योजनाओं के तहत लक्ष्य समूह को ऋण के संवितरण में एससीए का योगदान बड़े पैमाने पर अलग-अलग तरह का है। ऋणों का ग्रहण विभिन्न तत्त्वों जैसे बकाया देय राशियों का भुगतान ऋण का उपयोग सरकारी प्रतिभूति की उपलब्धता आदि पर निर्भर है।

निगम राज्य सरकार के प्राधिकारियों एवं स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों से निरंतर संपर्क रखता है ताकि लक्ष्य समूह के लाभार्थ निधि प्रवाह बना रहे। निगम ने एससीएज को अनुमानतः निधियां आवंटित करते हुए एससीएज को अग्रिम वित्तपोषण के रुप में 50 प्रतिशत निधियां प्रदान की थी ताकि उधार की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। आलोच्य वित्तीय वर्ष के दौरान ऋण संवितरण में एसीएज का कार्यनिष्पादन /योगदान एससीएज हेतु आनुमानिक आवंटन तथा कम ऋण ग्रहण के कारण **संलग्नक-V** पर दिए गए हैं।

## 5.7 निगम की सर्वोत्तम स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सी हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार

लक्ष्य समूह के लाभार्थ बनी निगम की योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सर्वोत्तम प्रयास करने वाले एससीए को बढ़ावा देने हेतु निगम के अनुरोध पर सर्वोत्तम राज्य मध्यस्थ एजेन्सी राष्ट्रीय पुरस्कार की संस्थापना की गई है, इससे एससीए को पहचान मिलती है।

वर्ष 2009-10 में निगम के सर्वोत्तम एससीए का पुरस्कार भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ निशक्त जन वित्त एवं विकास निगम को दिया गया। निदेशक मंडल ने एससीए को उसके अच्छे कार्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी है। यह आशा की गई है कि एससीए लक्षित वर्ग के लाभार्थ बनी निगम की योजनाओं का बेहतर कार्यान्वयन करने की भावना को बरकरार रखेगी।

## 6. वित्तीय निष्पादन

रिपोर्ट वर्ष में निगम का वित्तीय निष्पादन पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तुलनात्मक आंकड़ों के साथ निम्नवत् है:

| विवरण | 2010-11 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु (रु. लाखों में) | 2009-10 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु (रु. लाखों में) |
|---|---|---|
| कुल आय | 443.44 | 373.85 |
| प्रचालन एवं सामान्य व्यय | 258.92 | 299.95 |
| अधिशेष (मूल्यह्रास से पूर्व, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों हेतु प्रावधान का पूर्वावधि समायोजन, अधिक प्रावधान का पुनरांकन) | 184.52 | 73.90 |
| पूर्ववर्ती वर्ष के पुनरांकन हेतु अत्यधिक प्रावधान। | 1.84 | 258.46 |
| संदिग्ध ऋण प्रदान करने से पूर्व अधिशेष एवं मूल्यह्रास | 186.36 | 332.36 |
| संदिग्ध व अशोध्य ऋणों हेतु प्रावधान | 9.79 | 13.12 |
| मूल्यह्रास | 9.79 | 13.49 |
| पूर्वावधि समायोजन से पूर्व अधिशेष | 166.77 | 305.75 |
| पूर्वावधि आय/ (व्यय) + (-) | (11.48) | (31.00) |
| वर्ष हेतु अधिशेष (घाटा) | 155.29 | 274.75 |

### 6.1 ऋणों से आय

निगम ने अपनी प्रमुख गतिविधियों द्वारा राजस्व में सुधार दिखाया है। ऋणों से प्राप्त आय में बढ़ोत्तरी विगत चार वर्षों की प्रवृत्ति को प्रदर्शित करती है जिसे नीचे ग्राफ में दिखाया गया है।




### 6.2 अधिशेष का विनियोजन

चूंकि निगम धारा 25 के तहत एक कंपनी है इसलिए लाभांश घोषित करना आवश्यक नहीं। अतएव 1,55,29,296/- रुपये की संपूर्ण अधिशेष राशि निगम के सामान्य आरक्षित लेखा को हस्तांतरित हो चुकी है। 31.3.2011 को सामान्य आरक्षित लेखा में 27,58,26,539/- रुपये थे।

### 7. विकलांग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार (प्रशासनिक मंत्रालय) ने निगम को शैक्षिक वर्ष 2009-10 से विकलांग व्यक्तियों की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना (राष्ट्रीय कोष) का प्रशासन सौंपा है। साथ ही शैक्षिक वर्ष 2011-12 से निगम को भिन्न तरीके से सक्षम विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति योजना (न्यास निधि) संबंधित कार्य सौंपा गया है। आपके निगम ने इन योजनाओं के व्यापक प्रचार के वास्ते इलेक्ट्रानिक तथा समाचार पत्र माध्यम का इस्तेमाल किया। इसके नतीजतन, छात्रवृत्ति योजना (राष्ट्रीय निधि) के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

गत दो वर्षों में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निधियों में से छात्रवृत्ति योजना (राष्ट्रीय निधि) के अंतर्गत दी गई छात्रवृत्ति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| वर्ष | प्राप्त आवेदन | छात्रवृत्तियों की संख्या | छात्रवृत्तियों की राशि |
|---|---|---|---|
| 2009-10 | 3305 | 417 | रु. 52,81,975/- |
| 2010-11 | 3640 | 470 | रु. 60,15,775/- |

## 8.1 मानव संसाधन

निगम अपनी गतिविधियाँ 32 कार्मिकों की कार्य शक्ति से चलाने में सक्षम हैं जो कि स्वीकृत संख्या से कम है।

निगम में विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों की संख्या निम्नवत् है -

(31.3.2011 की स्थिति के अनुसार)

| कार्मिक वर्ग | स्वीकृत पद | भरे हुए | रिक्त |
|---|---|---|---|
| क | 14 | 11 | 03 |
| ख | 02 | 02 | शून्य |
| ग | 18 | 14 | 04 |
| घ | 05 | 05 | शून्य |
| **कुल** | **39** | **32** | **07** |

रिपोर्ट के वर्ष के दौरान, निगम में एक कर्मचारी की नियुक्ति कनिष्ठ सहायक (लेखा) के पद पर हुई है। इसी वर्ष के दौरान सहायक प्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी निगम को छोड़कर अन्य संगठन में उच्च पद पर कार्य करने के वास्ते चला गया।

## 8.2 विकलांग व्यक्तियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग की नियुक्ति

निगम में 31.3.2011 को विकलांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व विषयक सूचनाएं इस रिपोर्ट के **संलग्नक VI** पर हैं।

निगम में 31.3.2010 को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व विषयक सूचनाएं इस रिपोर्ट के **संलग्नक-VII** पर हैं।

## 8.3 कर्मचारियों का ब्यौरा

निगम का कोई भी कर्मचारी कंपनी (कर्मचारी ब्यौरा) नियम, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2क) में निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर रहा है।

## 9.1 आईएस/आईएसओ 9001: 2008 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणन

निगम ने पहले गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली आईएस/आईएसओ 9001:2000 स्थापित की थी। निगम ने 4 नवंबर, 2010 से गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के आईएस/आईएसओ 9001:2008 मानक अपना लिए।

निगम की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की जांच भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा की गई और आईएस/आईएसओ 9001:2008 के तहत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के संबंध में निगम को संशोधित लाइसेंस सं. एनआरओ/क्यूएससी/एल-9002437 जारी किया गया।

## 9.2 राजभाषा कार्यान्वयन

निगम कार्यालयी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग हेतु बढ़ावा देता है। सितम्बर 2010 में निगम में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान कई प्रतियोगिताएं कराई गई।

वर्ष के दौरान बहुत से पत्र/दस्तावेज हिंदी में अनुदित कराए गए निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित हुई जिसमें राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई।

निगम की विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ बनी योजनाओं विषयक मुद्रित सामग्री हिंदी में प्रकाशित है। निगम की वैबसाइट (www.nhfdc.nic.in) हिन्दी और अंग्रेजी में अनुरक्षित है।




**एनएचएफडीसी द्वारा हिन्दी पखवाड़ा–2010 का आयोजन।**

**सीएमडी, एनएचएफडीसी हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन के अवसर पर गृह मंत्री, भारत सरकार का संदेश पढ़ते हुए।**

### 9.3 ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विदेशी मुद्रा का कोई आय-व्यय नहीं हुआ।

### 9.4 जमा की प्राप्ति

संदर्भाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान निगम ने जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं की है।

### 9.5 निदेशकों का उत्तरदायित्व कथन

निदेशक मंडल ने बताया है कि :-

- वार्षिक लेखा तैयार करते समय लागू लेखाकरण मानकों के पालन के साथ-साथ सात्विक विचलन के संबंध में लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में इंगित बिन्दुओं को छोड़कर उचित स्पष्टीकरण दिया गया है।

- निदेशकों ने लगातार लेखाकरण नीतियों का चयन अपनाया है और ऐसे निर्णय व आंकलन किये हैं जो युक्तिसंगत, विवेकपूर्ण हों, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निगम की स्थिति तथा उक्त अवधि के आय एवं व्यय का सही तथा स्पष्ट दृष्टिकोण उभरकर आ सके।

- निदेशकों ने निगम की परिसंपत्तियों के अनुरक्षण और जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं का पता लगाने तथा उनकी रोकथाम के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त ध्यान दिया है।

- निदेशकों ने वार्षिक लेखा प्रचलित तरीके के आधार पर तैयार किया है।

### 9.6 वित्त वर्ष 2010-11 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक

मैसर्स विरमानी रॉय एण्ड कुट्टी, चाटर्ड अकाउन्टेन्ट नई दिल्ली को भारत के नियंत्रक महा लेखा परीक्षक के पत्र सं. सीए V/ सीओवाई/सेन्ट्रल गवर्मेन्ट, हैंडिफ (1)/429 दिनांक 21.7.2010 के लिए कम्पनी के विधिक लेखाकारों के रूप में नियुक्त किए गए थे।

सांविधिक लेखाकारों ने वित्त वर्ष 2010-11 के लिए कम्पनी के वार्षिक खातों की लेखाकारों के प्रतिवेदन में टिप्पणियों/अर्हता के संबंध में प्रबंधन के उत्तर इस प्रतिवेदन में **अनुलग्नक-VIII** के रूप में लगे हैं।

### 9.7 वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान महत्वपूर्ण दिवस/कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निगम ने विभिन्न महत्वपूर्ण दिवस/कार्यक्रम मनाई। इनमें से कुछ कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

**क) आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाना**

आपके निगम ने 21 मई 2010 को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। इस मौके पर निगम के सभी कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता से आतंकवाद से लड़ने में प्रत्येक के दायित्व पर जोर दिया।

**ख) सांप्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह**

निगम ने 19 नवंबर, 2010 से आरंभ हुए तथा 25 नवंबर, 2010 को समाप्त हुए सप्ताह को सांप्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह के रूप में मनाया। सभी कर्मचारियों ने 19-11-2010 को राष्ट्रीय एकता शपथ ली।

इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कर्मचारियों ने सांप्रदायिक सौहार्द की आवश्यकता और इसे बढ़ावा देने के तरीकों संबंधी चर्चा में भाग लिया।

यह कार्यक्रम 25.11.2010 को झंडा दिवस के रूप में मानते हुए समाप्त हुआ। सभी कर्मचारियों ने नेशनल फाउन्डेशन ऑफ कम्युनल हारमोनी (एनएफसीएच) के लिए स्वेच्छा से अंशदान दिया। 1382/-रुपये की राशि निगम के कर्मचारियों से एकत्रित हुई और उसे एनएफसीएच के खाते में डाल दिया गया।

**ग) सद्भावना दिवस**

निगम ने भारत के दिवंगत प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के जयंती 20 अगस्त, 2010 को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। कर्मचारियों ने इस मौके पर सद्भावना दिवस शपथ लेने के साथ-साथ यह शपथ भी ली कि वे यथा संभव रूप में राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देंगे।

**10. निगम प्रशासन**

आपके निगम के निदेशकों का निगम के मामलों के बारे में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सत्यनिष्ठा में विश्वास है। लोक उद्यम विभाग निगम प्रशासन पर दिनांक 14 मई 2010 को का. ज्ञापन 18 (8)/2005 जीएम द्वारा संशोधित दिशा निर्देश जारी कर चुका है।

11 फरवरी, 2011 को हुई निगम के निदेशक मंडल की 64वीं बैठक में इस आशय का संकल्प पारित किया गया है जिसमें निगम में कार्यान्वयन हेतु डीपीई ओ.एम.न. 18(8)/2005-जीएम दिनांक 14 मई, 2010 द्वारा जारी निगम प्रशासन के दिशानिर्देश स्वीकृत किए गए हैं। आपका निगम उक्त दिशानिर्देशों के विभिन्न पहलुओं को लागू कर रहा है।

## 10.1 वित्तीय विशेषताएं

निगम पिछले वित्तीय वर्ष 2009-10 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विभिन्न वित्तीय मापदंडों के मामले में अच्छी प्रगति कर पाया है।

इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय मापदंड और उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

| क्रमांक | ब्यौरा | राशि (करोड़ रुपये में) | | परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| | | 2010-11 | 2009-10 | |
| i) | कुल आय | 4.43 | 3.74 | 18.61% |
| ii) | ऋणों से आय | 3.16 | 2.96 | 6.92% |
| iii) | अन्य आय | 1.27 | 0.78 | 62.87% |
| iv) | प्रशासन व अन्य व्यय | 0.75 | 1.26 | 40.47% |
| v) | संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | **0.09** | **0.13** | 25.35% |

## 10.2 निगम के प्रकार्य

वर्ष के दौरान निगम के प्रकार्यों का परिणाम निम्नलिखित अनुपातों में दर्शाया गया है:

i)

| क्रमांक | ब्यौरा | राशि |
|---|---|---|
| i | प्रति कर्मचारी संवितरण | 99.47 लाख रुपये |
| ii | प्रति कर्मचारी अधिशेष | 4.85 लाख रुपये |
| iii | ऋण लागत (डी/डी हेतु प्रावधान सहित) | 8,439 लाख रुपये |

ii) वर्षों से निगम के संपूर्ण प्रकार्य निम्नलिखित संकेतकों द्वारा वर्णित हैं;

| क्रमांक | ब्यौरा | राशि |
|---|---|---|
| i | 31.3.2011 तक ऋणों का संवितरण | 265.26 करोड़ रुपये |
| ii | 31.3.2011 तक ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | 53,760 |

iii) **ऋण का व्यापारवार वर्गीकरण**

निगम विभिन्न आय अर्जक गतिविधियों के लिए विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ ऋण देता रहा है। नीति के तौर पर, लाभार्थी अपनी इच्छानुसार कोई भी परियोजना/उद्यम स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं। निगम लाभार्थी के निर्णय को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं करता, उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए लाभार्थियों के मामले में निम्नलिखित आंकडे लक्षित समूह के पसंदीदा क्षेत्रों/गतिविधियों को दर्शाते हैं:

| क्रमांक | योजना/क्षेत्र | लाभार्थी | | संवितरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | चरम संख्या | प्रतिशत | राशि (करोड़ रु.में) | प्रतिशत |
| i) | व्यापार/बिक्री गतिविधि | 28,838 | 53.64 | 137.05 | 51.67 |
| ii) | सेवा क्षेत्र गतिविधि | 9,763 | 18.16 | 54.61 | 20.59 |
| Iii) | कृषि (सहायक) गतिविधि | 7,580 | 14.10 | 31.31 | 11.80 |
| iv) | कृषि गतिविधि | 680 | 1.26 | 9.01 | 3.40 |
| v) | लघु कारोबार गतिविधि (विनिर्माण/ उत्पादन) | 952 | 1.77 | 6.47 | 2.44 |
| vi) | वाणिज्यिक किराए के लिए वाहन खरीद | 758 | 1.41 | 18.91 | 7.13 |
| vii) | शिक्षा ऋण | 41 | 0.08 | 0.84 | 0.32 |
| viii) | सूक्ष्म ऋण योजना | 5,148 | 9.58 | 7.06 | 2.66 |
| | **कुल** | **53,760** | **100.00** | **265.26** | **100.00** |

**iv) पुरुष महिलावार ऋण वितरण**

निगम विकलांग महिलाओं को अपनी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता द्वारा उन्हें शक्ति संपन्न करने के लिए बढ़ावा देता है। इस उद्देश्य से, निगम ब्याज दर में छूट की अनुमति देता है। (1 प्रतिशत सभी योजनाओं के तहत सिवाय शिक्षा ऋण जिसमें छूट 0.5 प्रतिशत है)

31.3.2011 तक निगम की योानाओं के अंतर्गत पुरुष महिलावार ऋण वितरण निम्नानुसार है:

| पुरुष-महिला | लाभार्थी | | संवितरित राशि | |
|---|---|---|---|---|
| | चरम संख्या | प्रतिशत | राशि (करोड़ रुपये में) | प्रतिशत |
| पुरुष | 42887 | 79.77 | 217.06 | 81.83 |
| महिला | 10873 | 20.23 | 48.20 | 18.17 |
| **कुल** | **53760*** | **100.00** | **265.26** | **100.00** |

(*) एससीएज को प्रदान अग्रिम निधियों के मुकाबले औसत ऋण के आधार पर लाभार्थियों की अनुमानित संख्या शामिल है।

**v) विकलांगत श्रेणीवार ब्यौरा (संचित)**

निगम का सभी श्रेणियों के विकलांगों के प्रति दायित्व है। तथापि, यह पाया गया है कि अस्थि विकलांग व्यक्तियों की संख्या निगम से सहायता प्राप्त लाभार्थियों में सबसे अधिक है।

31.3.2011 तक निगम से सहायता प्राप्त विभिन्न श्रेणियों के विकलांग व्यक्तियों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:

| क्रमांक | विकलांगता श्रेणी | लाभार्थी | | संवितरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | चरम संख्या | प्रतिशत | राशि (करोड रु. में) | प्रतिशत |
| 1. | अस्थि विकलांग | 47,902 | 89.10 | 235.59 | 88.81 |
| 2. | मानसिक रूप से मंदव्यक्ति | 897 | 1.67 | 5.22 | 1.97 |
| 3. | दष्टि विकलांग | 2.940 | 5.47 | 14.32 | 5.40 |
| 4. | श्रव्य विकलांग | 2.021 | 3.76 | 10.13 | 3.82 |
| | **कुल** | **53,760** | **100.00** | **265.26** | **100.00** |

vi) **राशिवार ऋण वितरण**

निगम की योजनाओं के अनुसार, आय अर्जक गतिविधि/उद्यम और ऐसे उद्यम में निवेश केवल लाभार्थी की इच्छा पर निर्भर करता है। फिर भी, यह देखा गया है कि अधिकांश ऋण कम लागत वाली परियोानाओं हेतु प्रदान किया गया है।

ऋण राशि के आधार पर 31.3.2011 तक लाभार्थियों को प्रदान किए गए ऋणों का वर्गीकरण निम्नानुसार है:

| क्रमांक | ऋण सीमा | लाभार्थी | | संवितरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | चरम संख्या | प्रतिशत | राशि (करोड रु. में) | प्रतिशत |
| 1. | 50,000 रुपये तक | 43,780 | 81.44 | 135.69 | 51.15 |
| 2. | 50,000 रुपये से ऊपर और 1 लाख रुपये तक | 7,938 | 14.77 | 85.41 | 32.20 |
| 3. | 1 लाख रुपये ऊपर और 5 लाख रुपये तक | 2,023 | 3.76 | 42.87 | 16.16 |
| 4. | 5 लाख रुपये से ऊपर | 19 | 0.04 | 1.29 | 0.49 |
| | **कुल** | **53.760** | **100.00** | **265.26** | **100.00** |

### 10.3 बोर्ड का गठन और निदेशक गण

निगम के कार्यों का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें बोर्ड का गठन निम्नानुसार

| क्रमांक | ब्यौरा | संख्या | वर्तमान प्रस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक | 1 | श्री हर्ष भाल, आईआईएस |
| 2. | विकलांग व्यक्तियों के लिए/ प्रतिनिधित्व करने वाले गैर सरकारी सदस्य (प्रत्येक विकलांगता श्रेणी से एक व्यक्ति) | 3 | रिक्त |
| 3. | जैव चिकित्सीय इंजीनियरी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/ अनुसंधान संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति | 1 | डा.(श्रीमती) विनिता शर्मा, सलाहकार ओर प्रमुख एसईईडी, डिवीजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार |
| 4. | आईडीबीआई का प्रतिनिधि | 1 | श्री दीपक गुप्ता महाप्रबंधक,निवेश प्रकोष्ठ, आईडीबीआई |
| 5. | एसडीबीआई का प्रतिनिधि | 1 | श्री आर एन यादव महाप्रबंधक, एसआईडीबीआई |
| 6. | विकास आयुक्त, लघु उद्योग/विकास आयुक्त, हस्तशिल्प/ विकास आयुक्त, लघु उद्योग/ विकास आयुक्त, हस्तशिल्प का प्रतिनिधि | 1 | रिक्त |
| 7. | कल्याण मंत्रालय का वित्तीय सलाहकार/संयुक्त सचिव | 1 | रिक्त |
| 8. | एमडी, एनएसएफडीसी | 1 | रिक्त |
| 9. | संयुक्त सचिव, (एचडब्ल्यू) कल्याण मंत्रालय | 1 | रिक्त |
| 10. | एमडी/सीएमडी , एएलआईएमसीओ | 1 | रिक्त |

सेवानिवृत्त, बर्खास्तगी, त्यागपत्र, मृत्यु या अन्यथा कारण से निदेशक पद में किसी रिक्ति को भरने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति को है। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेश (क्रमांक-1 ऊपर) निगम का कार्यपालक निदेशक है। ऊपर क्रमांक 2 में वर्णित निदेशक गैर-सरकारी निदेशक हैं। क्रमांक 3 से 10 पर उल्लिखित निदेशक पद समग्र रूप से पदेन है।

निगम प्रशासन पद डीपीई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के खंड 3.1.4 में दी गई स्वतंत्र निदेशक की परिभाषा के अनुसार निगम के सभी निदेशक स्वतंत्र निदेशक हैं। (सीएमडी को छोड़कर क्योंकि वह अंशकालिक निदेशक नहीं है)

## 10.4 पारिश्रमिक समिति

निगम ने 11 फरवरी, 2011 को हुई बोर्ड की 64वीं बैठक में पारिश्रमिक समिति का गठन किया है।

## 10.5 निगम की वार्षिक साधारण बैठकें

निगम की पिछली तीन वार्षिक साधारण बैठकों का विवरण निम्नानुसार है;

| वर्ष | दिनांक | समय | स्थान | या बैठक में कोई विशेष संकल्प पारित हुआ |
|---|---|---|---|---|
| 2010 | 29.9.2010 | पूर्वाह्न 11.00 बजे | निगम का पंजीकृत कार्यालय रेड क्रास भवन, सैक्टर-12, फरीदाबाद-121007 (हरियाणा) | नहीं |
| 2009 | 23.9.2009 | अपराह्न 4.00 बजे | तदेव | नहीं |
| 2008 | 25.9.2008 | अपराह्न 12.30 बजे | तदेव | नहीं |

## 10.6 संचार साधन

निगम प्रभावी संचार हेतु समाचार पत्र और इलेक्ट्रानिक मीडिया दोनों का प्रयोग करता है। निगम की वेबसाइट www/nhfdc.nic.in की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी/विषयवस्तु निम्नानुसार है;

i) निगम की मुख्य गतिविधियों/निर्णयों से संबंधित सूचना यह सूचना मासिक आधार पर दी जाती है।

ii) प्राप्त हुए सूचना का अधिकारी संबंधी आवेदनों, प्रत्युत्तर आदि के संबंध में सूचना

iii) निगम के निदेशकों और अधिकारियों संबंधी सूचना

iv) सूचना का अधिकार संबंधी नियमावली

v) निगम की विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ योजनाएं

vi) आवेदकों (विकलांग विद्यार्थियों) का विवरण जिन्हें छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है।

vii) विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ निगम से ऋण लेने वाले गैर सरकारी संगठनों का नाम व पता;

viii) निगम की राय मध्यस्थ एजेन्सियों के नाम पता तथा टेलीफोन नम्बर

ix) विकलांग व्यक्तियों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों हेतु आरक्षण से संबद्ध मामलों के लिए निर्दिष्ट संपर्क अधिकारी।

निगम विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के वास्ते जन सूचना कार्यालय, प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोाित विभिन्न शिविरों में भाग लेता है।

## 10.7 निदेशकगण - वित्तीय वर्ष के दौरान परिवर्तन

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निगम के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं:

| निदेशक का नाम | कार्यावधि | |
|---|---|---|
| | से | तक |
| श्री हर्ष भाल, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक | 14.09.2010 | कार्यरत |
| श्री ए.सी. पाढ़ी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, (अतिरिक्त प्रभार) | 18.03.2010 | 13.08.2010 |
| श्री समीर कुमार मुखर्जी, सीएमडी, आर्टिफिशियल लिंब मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन | 16.05.2008 | 17.11.2010 |

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान श्री पी के सिन्हा, अपर सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार व श्री अरविन्द प्रसाद संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, निगम के निदेशक नहीं रहे।

## 10.8 निदेशक मंडल की बैठक में निदेशकों की उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान हुई निदेशक मंडल की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का ब्यौरा निम्नवत है:

| निदेशक का नाम | कार्यावधि के दौरान हुई निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या (2010-11 में) | निदेशक मंडल की बैठकों में उपस्थिति की संख्या |
|---|---|---|
| श्री हर्ष भाल | 3 | 3 |
| श्री प्रदीप कुमार सिन्हा | 5 | - # |
| श्री राम निवास यादव | 5 | 2 |
| श्री अनंत चरण पाढ़ी | 2 | 2 |
| डा.(श्रीमती) विनिता शर्मा | 5 | 4 |
| श्री दीपक गुप्ता | 5 | 3 |
| डा. अरविंद प्रसाद | 5 | 1* |
| श्री समीर कुमार मुखर्जी | 3 | 2 |

\# श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, ए.एस एण्ड एफ.ए.,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधि निगम की चार बैठकों में उपस्थित था।

* डा. अरबिन्द प्रसाद जेएस (डीडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधि निगम की दो बैठकों में उपस्थित था।

## 10.9 वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निदेशक मंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान निगम ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे जिनका सार निम्नवत् है:

### i) पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन

निगम ने 11 फरवरी, 2011 को हुई कंपनी के निदेशक मंडल की 64वीं बैठक में निदेशकों की पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया।

### ii) ऋण सीमा का बढ़ाया जाना

मानसिक मंदता, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए ऋण सीमा को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया।

### iii) कार्यकौशल और उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षुओं के लिए वजीफे को बढ़ाना

कार्यकौशल और उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के अधीन प्रशिक्षुओं का वजीफा 500 रु. प्रति माह से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। साथ ही, प्रशिक्षण की अवधि लचीली बना दी गई है और न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि की शर्त को खत्म कर दिया गया है। ये परिवर्तन योजना को अधिक आकर्षक बनाने के लिए किए गए हैं।

### iv) स्वीकृति देने वाले प्राधिकारी का एससीएज को प्रत्यायोजन-परियोजनाओं की वित्तीय सीमा का बढ़ाया जाना

निगम का विश्वास है कि स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों (एससीएज) को और प्राधिकार का प्रत्यायोजन किया ाए। 3 लाख रुपये (पहले 1.50 लाख रुपये) तक की परियोजनाओं के मामले में ऋण स्वीकृत करने के प्राधिकार को बढ़ा दिया गया है।

**v) स्टेट चैनेलाइजिंग एजेन्सियों (एससीएज) द्वारा सामूहिक योजना**

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान एससीएज ने एक नई योजना अर्थात् सामूहिक योजना आरंभ की थी जिसके अनुसार स्वीकृत परियोजनाओं हेतु एससीएज को अधिक ऋण राशि को तीव्रता से ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**vi) निधियों का आनुमानिक आवंटन**

निगम का सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के प्रति दायित्व है। लक्षित समूह के लिए सरकारी निधियों के संतुलित वितरण को सुनिश्चित करने के वास्ते निगम ने निधियों के अनुमानिक आवंटन की योजना तैयार की है।

**vii) अच्छी वसूली के लिए प्रोत्साहन योजना**

बकाया देय राशियों की वसूली को बढ़ावा देने के लिए निगम ने एसीएज से अच्छी वसूली करने के लिए प्रोत्साहन योजना आरंभ की है। इस योजना के अंतर्गत पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान एससीएज से प्राप्त 0.5 प्रतिशत भुगतान प्रोत्साहन के रूप में एससीए को पुनः दे दिया जाता है। बशर्ते इस प्रकार का एससीए योजना की अन्य शर्तें पूरी करता हो।

**viii) शिक्षा ऋण योजना का संशोधन**

